पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ईद-उल-अजहा की बधाई दी

लखनऊः 05 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने समस्त प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है।

श्री नाईक ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद-उल-अजहा का पर्व बलिदान का पर्व है और सभी को गरीबों तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिये तत्पर रहने की नई शुरूआत की प्रेरणा देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ईद-उल-अजहा का पर्व देश में भाईचारा, सहयोग और शांति को अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

अंजुम/रा0/राजभवन